तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

16 कमार एवं पारधी समुदाय के लिए आयोजित...



16 30 लीटर शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार...



## खबर संक्षेप

### सिवनी के चावल उत्सव में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में रजत जयंती के अवसर पर चांवल उत्सव धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूजा-अर्चना के बीच आयोजित इस उत्सव में गांव की सामूहिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य सुदेश कुमार टोपा, जयसिंग महावीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम की प्रगति, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत आवंरी निवासी 36 वर्षीय महेंद्र कुमार कोसरिया पिता किशोर को गंभीर चोट आने से मौत हो गया। रायपुर के अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, जहां उसका 8 जनवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृत्रिम हाथ के लिए 23 को रायपुर में शिविर

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग एवं इनाली फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रायपुर में 23 फरवरी को आयोजित शिविर में कोहनी से नीचे कलाई हाथ कटा हुआ हो उन्हें बायोनिक हाथ (कृत्रिम हाथ) का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। ऐसी सभी दिव्यांग की सूची समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### मृतक के परिजन के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर द्वारा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम हटकाचारामा निवासी सड़क दुर्घटना में मृतक आशीष कुमार शोरी के पिता द्वारसिंग शोरी के लिए 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही को स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार नरहरपुर के माध्यम से किया जाएगा।

### प्लेसमेंट कैंप 25 को कोड़ेजुंगा में

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 25 फरवरी को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 887 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। आवेदक ई-रोजगार के पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

### घायल ने तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत मरोड़ा शिव मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गढ़चिरौली जिला के थाना एरापल्ली अंतर्गत ग्राम पीपरी धुरगी निवासी 21 वर्षीय दीपक शिल्लुएस एक्का का 18 नवंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## क्राइम : थाना से 300 मीटर की दूरी पर रात को चोरों ने मचाया तांडव

# कोरर की तीन दुकानों पर नकाबपोश तीन चोरों का धावा, ताले तोड़े व नकदी-कपड़ा किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर कस्बे में बीती रात चोरों ने जिस बेखौफ अंदाज में वारदात को अंजाम दिया, उसने व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों की चिंता भी बढ़ा दी है। नकाबपोश बदमाशों ने बीती रात को एक के बाद एक तीन दुकानों के ताले तोड़कर नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ किया, वहीं एक अन्य दुकाना का एक ही ताला तोड़ पाए, दूसरा नहीं तोड़ पाए, इस घटना से कोरर में दहशत का माहौल है। चोर लगभग ढाई घंटे तक सुबह सवा 4 बजे तक चोरी करते रहे, परंतु किसी को कानों कान खबर तक नहीं लग पाई, जबकि थाना 300 मीटर की दूरी पर स्थित है।

- चोर भानुप्रतापपुर की ओर से आए और चारामा की ओर गए
- चौथी दुकान का एक ताला तोड़ पाए, दूसरा ताला नहीं तोड़ पाए

कोरर थाना क्षेत्र में बीती रात्रि अज्ञात नकाबपोश चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। राठौर मेडिकल स्टोर, हरिओम किराना स्टोर तथा देवांगन क्लॉथ में चोरी होने की पुष्टि हुई ▶▶|शेष पेज 14 पर




### मामले की जाँच में जुटी पुलिस

मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोरर के साथ-साथ कांकेर क्राइम ब्रांच की टीम भी सक्रिय हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आसपास के इलाकों में लगे अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग भी जुटाई जा रही है। संदिग्धों की पहचान के लिए फुटेज को तकनीकी विश्लेषण के लिए भेजा गया है। साथ ही बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### अज्ञात चोरों पर दर्ज हुआ मामला

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है। व्यापारियों और आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### मास्क बांधे तीन युवकों ने चोरी को दिया अंजाम

घटना की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि चोरों ने वारदात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्धों के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है। फुटेज में सभी चोर सफेद रंग के कपड़े पहने हुए दिखाई दे रहे हैं और उनके चेहरे पूरी तरह मास्क से ढके हुए हैं, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा है। चोरों की यह निडरता भी सामने आई कि चोरी से पहले वे बस स्टैंड के मुख्य चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के आसपास भी घूमते नजर आए।

### तीन चोर स्कूटी से पहुँचे थे चोरी करने

सीसीटीवी फुटेज में जो दिख रहा है उसके अनुसार तीन चोरों ने बस स्टैंड पर सुबह 2 बजकर 45 मिनट पर अपनी स्कूटी खड़ी की थी और वहीं से पैदल दुकानों की ओर बढ़े। कैमरों में स्कूटी से उतरते हुए और आसपास की रेकी करते हुए उनके दृश्य कैद हुए हैं। यह स्पष्ट करता है कि चोरों ने पहले से इलाके का मुआयना किया और सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठाया। चोरी के दौरान किसी प्रकार का शोर न हो, इसके लिए उन्होंने ताले तोड़ने में भी सावधानी बरती।

### व्यापारियों ने अतिरिक्त सुरक्षा की माँग की

घटना के बाद से कोरर बाजार क्षेत्र में व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि इस तरह की चोरी की घटनाओं से उनकी मेहनत की कमाई खतरे में पड़ रही है। उन्होंने रात में गश्त बढ़ाने और बाजार क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग किया है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद अपराधियों का इस तरह बेखौफ होकर घूमना पुलिस व्यवस्था के लिए चुनौती है।

## अंतागढ़ परियोजन के भानुप्रतापपुर क्षेत्र में सागौन की अवैध कटाई, ग्रामीणों का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम हाहालददी में अंतागढ़ परियोजन प्रभाग भानुप्रतापपुर के अमले पर वनों की अवैध कटाई के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले ने न केवल विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि ग्रामीणों के विश्वास को भी गहरी ठेस पहुंचाई है। स्थानीय ग्रामीण गोवर्धन नरेटी द्वारा जिला कलेक्टर को लिखे गए पत्र के बाद यह मामला प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार अंतागढ़ परियोजन प्रभाग भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाले वन क्रमांक पी-875 एवं पी-876 में रोपित बहुमूल्य सागौन के पेड़ों की लंबे समय से धड़ल्ले से कटाई की गई है। आरोप है कि यह अवैध गतिविधि अचानक नहीं, बल्कि काफी समय से निरंतर जारी है, बावजूद इसके विभाग द्वारा न तो कोई आधिकारिक जानकारी साझा की जा रही है और न ही ठोस कार्रवाई नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित बीट क्षेत्र में बीट गार्ड, डिप्टी रेंजर एवं रेंजर जैसे जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में कीमती सागौन के पेड़ों का कट जाना विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा करता है। शिकायत पत्र में वन विकास निगम की कार्यशैली पर सीधे तौर पर सवाल उठाते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया गया है। शिकायतकर्ता ने गोवर्धन नरेटी ने 18 फरवरी को कलेक्टर के नाम आवेदन प्रस्तुत कर मामले की उच्च ▶▶|शेष पेज 14 पर



## अंतागढ़ में अपर कलेक्टर की नियुक्ति के लिए कांग्रेस ने खोला मोर्चा और दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ में अपर कलेक्टर की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अल्टीमेटम दिया कि 15 दिनों में अंतागढ़ में अपर कलेक्टर तैनात नहीं किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा। गए तो आंदोलन होगा। कांकेर में अपर कलेक्टर को एसडीएम बनाया गया है। अगर अपर कलेक्टर अरुण कुमार वर्मा को एसडीएम का पसंद है तो संयुक्त कलेक्टर और अपर कलेक्टर की पदोन्नति को वे त्याग दें। एएस. पैकरा और जितेंद्र कुमार कुर्रे भी अपर कलेक्टर हैं। कांकेर में तीन अपर कलेक्टर और अंतागढ़ में एक भी अपर कलेक्टर ये मनमानी नहीं चलेगी। उक्त बातें कांग्रेस प्रवक्ता विश्राम सिंह गावड़े ने कही।

- कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन और 15 दिनों में नियुक्ति की मांग की

कांग्रेस प्रवक्ता विश्राम सिंह गावड़े का कहना है कि अंतागढ़ में काफी दिनों से अपर कलेक्टर पद खाली है। अपर कलेक्टर के नहीं होने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने के कारण 26 से 27 पीडीएस दुकानों में उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल रहा है। समय पर राशन नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर के नहीं होने से लोगों को राजस्व संबंधी परेशानी हो रही है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए अंतागढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों को कांकेर तक जाना पड़ रहा है। ऐसे में समय और आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार के समय छग शासन की ओर से अंतागढ़ में अपर कलेक्टर का पद स्वीकृत किया गया था। अभी तक दो-तीन अपर कलेक्टर ही अंतागढ़ में अपनी सेवा दिए ▶▶|शेष पेज 14 पर

## सार्वजनिक शराबखोरी, 1 कोचिया और दो पकड़ाए



**कांकेर।** चारामा और बांदे पुलिस ने अलग अलग जगहो पर छापामार कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने और अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा देने के आरोप में तीन लोगो को धर दबोचा और आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। चारामा पुलिस ने 19 फरवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी 27 वर्षीय फलेश्वर नेताम पिता स्व. तुलसी राम और 23 वर्षीय कमल उईके पिता गनेश्वर थाना गुरूर अंतर्गत ग्राम कोचवाही निवासी को पकड़ा। दोनो ग्राम कण्डेल के पास सड़क किनारे शराब का सेवन कर रहें थे। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बांदे पुलिस ने 19 फरवरी को दोपहर ढाई बजें ग्राम करेनार में छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी कुरेनार निवासी 50 वर्षीय महेश आमले पिता जयराम को अवैध रूप से शराब पीने कि सुविधा देते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पुलिसिंग में आया डिजिटल बदलाव बॉडी वॉर्न कैमरों से बढ़ेगी पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले की पुलिसिंग अब एक नए, भरोसेमंद और तकनीक-आधारित दौर में प्रवेश कर चुकी है। पारदर्शिता, जवाबदेही और साक्ष्य-सुदृढ़ कार्रवाई को प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन ने आधुनिक बॉडी वॉर्न कैमरों को थानों तक पहुंचाकर कानून-व्यवस्था के संचालन में बड़ा कदम बढ़ाया है। यह पहल न सिर्फ पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक विश्वसनीय बनाएगी, बल्कि नागरिकों के साथ होने वाली हर कार्रवाई को तथ्यात्मक आधार भी देगी।

जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त आधुनिक ▶▶|शेष पेज 14 पर




### पुलिसिंग की डिजिटल ओर सशक्त कदम

कैमरों के उपयोग से पुलिस कार्यप्रणाली में डिजिटल रिकॉर्ड संधारण को बढ़ावा मिलेगा। तथ्य-आधारित कार्रवाई को प्रोत्साहन मिलेगा और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। किसी भी अपराध, विवाद या अप्रिय घटना के दौरान दिन-रात की गई कार्रवाई की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से संरक्षित रहेगी, जो भविष्य की जांच और न्यायिक प्रक्रियाओं में सहायक सिद्ध होगी।

## जनपद स्तरीय कार्यशाला से रोजगार और आत्मनिर्भरता में होगी बढोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



स्थाई रोजगार, बुनियादी ढांचे के विकास और आजीविका सशक्तिकरण को एकीकृत करने के उद्देश्य से विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विषय पर जनपद स्तरीय सम्मेलन व कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र की विकसित भारत परिकल्पना को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और स्वावलंबन को धरातल पर उतारने पर विशेष जोर दिया गया। मिशन के तहत 125 दिवस रोजगार की गारंटी, सात दिवस में मजदूरी भुगतान, ग्राम सभा की भूमिका सुदृढ़ करना तथा वर्षा ऋतु में कृषि कार्य के दौरान सीमित अवधि तक कार्य स्थगन जैसे प्रावधानों की जानकारी दी गई। जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, ग्रामीण सड़क, भंडारण और उत्पादन परिसंपत्तियों के निर्माण ▶▶|शेष पेज 14 पर

## उपेक्षा से स्थानीय कलाकारों में आक्रोश चित्रकार-मूर्तिकार संघ ने उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय कांकेर में जिला चित्रकार-मूर्तिकार संघ की बैठक 20 फरवरी को आयोजित की गई। बैठक में जिले के चित्रकारों और मूर्तिकारों ने एक स्वर में आरोप लगाया कि सरकारी विभागों द्वारा स्थानीय कलाकारों को कार्य न देकर बाहरी कलाकारों को बुलाकर काम सौंपा जा रहा है। इससे जिले के प्रतिभाशाली कलाकार लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनके सामने रोजगार और पहचान का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

आयोजित बैठक में कलाकारों ने कहा कि वर्षों से वे अपनी कला के माध्यम से जिले की संस्कृति और पहचान को संजोते आ रहे हैं, लेकिन हाल के समय में कुछ स्थानीय कर्मचारियों द्वारा सप्लायरों से सांठगांठ कर बाहरी कलाकारों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस प्रवृत्ति से न केवल स्थानीय कलाकारों का मनोबल टूट रहा है, बल्कि जिले की कला परंपरा भी प्रभावित हो रही है। इसे लेकर कलाकारों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। जिला चित्रकार-मूर्तिकार संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे जिले के प्रमुख अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र के सांसद एवं जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों से मुलाकात कर स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दिए जाने की मांग करेंगे। संघ ने यह भी तय किया कि प्रभारी मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी, ताकि स्थानीय कलाकारों के हित में ठोस निर्णय लिया जा सके और उनका मनोबल बढ़े। इसके साथ ही संघ ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि आगामी सभी शासकीय कार्यों में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें और जिले की सांस्कृतिक पहचान और अधिक सशक्त हो। आयोजित बैठक में संरक्षक अशोक यादव, अध्यक्ष कुमार चक्रधारी, देवेंद्र यादव, वीरेश चक्रधारी, रंग राजू, चित्रसेन ठाकुर, मधु, ▶▶|शेष पेज 14 पर

## अमोड़ा जन चौपाल विकास की योजनाओं का बना खुला मंच

# चौपाल में वीबी जीरामजी पर विधायक आशाराम ने ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



केंद्र सरकार के वीबी जी राम जी कार्यक्रम के अंतर्गत अमोड़ा में 20 फरवरी को आयोजित जनसंवाद में विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं सुनीं। सादगी और आत्मीयता से भरे इस आयोजन में में ग्रामीण भाई-बहनों की सहभागिता रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ने को तत्पर है।

विधायक आशाराम नेताम ने जन चौपाल के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेयजल, स्वच्छता, कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विधायक ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभ की पारदर्शी जानकारी साझा करते हुए ग्रामीणों को अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि जन चौपाल केवल बैठक नहीं, बल्कि संवाद से समाधान का माध्यम है। हमारा संकल्प है कि सरकार की हर योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। गांव का हर परिवार सशक्त बने, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि गांवों की उन्नति से ही प्रदेश और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होती है। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी सोच के साथ सरकार जनसेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और किसानों से योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिरूद्ध साहू, ग्राम के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा जिला संवाद 2026: सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर कितनी कारगर रही योजनाएं हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि की संयुक्त पहल पर आयोजित दंतेवाड़ा जिला संवाद में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं सांसद बस्तर महेश कश्यप से सीधे और तीखे सवाल किए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों की उपस्थिति में विकास कार्यों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर खुलकर चर्चा हुई। विशेष संवाद में बीते दो वर्षों के दौरान सड़कों के विस्तार, पुल-पुलियों के निर्माण, शिक्षा संस्थानों में सुविधाओं की वृद्धि, अस्पतालों में संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, किसानों के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन, सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयासों को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया।


जिले के विकास पर सांसद एवं वनमंत्री से सीधे सवाल करते संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।


दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय से हुई सामुदायिक पुलिसिंग पर चर्चा।


जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहाटा से चर्चा।


जिला संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग।


वन मंत्री केदार कश्यप का स्वागत करते दंतेवाड़ा ब्यूरो प्रमुख अविनाश गोस्वामी।


सौरभ ट्रेडर्स के संचालक सौरभ सूद का हुआ सम्मान।


दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय का स्वागत करते किरन्दुल संवाददता बिप्लव मल्लिक।


विधायक दंतेवाड़ा अटामी का स्वागत करते आईएनएच के पंकज भदौरिया।


वन मंत्री केदार कश्यप ने किया डॉ. संजय बघेल का हुआ सम्मान।


राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित व्याख्याता सुनीता गोस्वामी का हुआ सम्मान।


मंच पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अलीम रजा उसमानी, सुलोचना कर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा ।


पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते बचेली संवाददाता सूरज सिंह।


आस्था विद्या मंदिर जावंगा प्राचार्य बीके शर्मा, एनएमएस के जीएम राघवेलु, व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज सुराना, बीटीईओ के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश सिंह गौतम।


श्रीमती अंजुलता देवांगन का वनमंत्री ने किया सम्मान।


जावंगा एजुकेशन सिटी के लिए जमीन दान करने वाले बोमड़ाराम कवासी।

## खबर संक्षेप

### राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा कल

**दंतेवाड़ा।** जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा समस्त व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। परीक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव द्वारा केन्द्राध्यक्षों, सहायक नोडल अधिकारियों एवं उड़नदस्ता दल के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

### नवीन भवन में संचालन प्रारंभ

बीजापुर। जिले में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला आयुष कार्यालय को उसके नवीन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक डी-17 एवं डी-18 में संचालित हो रहा जिला आयुष कार्यालय अब कोकड़ापारा स्थित विभागीय नवीन भवन में अपने नियमित कार्यों का संचालन कर रहा है। विभाग के स्थानांतरण के उपरांत 18 फरवरी 2026 को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के उक्त दोनों कक्षों को विधिवत रिक्त कर दिया गया है।

### विकसित भारत जी राम जी योजना की दी गई जानकारी

**बीजापुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत बीजापुर जिले में जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को योजना की विशेषताओं, लाभों एवं प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बीजापुर के सीईओ एवं मैदानी अमले द्वारा ग्राम पंचायत धनोरा में राशन दुकान के सामने चौपाल आयोजित की गई।

# शाखकर्तन, संग्रहण व अग्नि सुरक्षा को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत सीजन-2026 में तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं वनों को अग्नि से सुरक्षा के संबंध में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बांसागार डिपो बीजापुर में किया गया।

■ एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

कार्यक्रम में आरके जांगड़े वनमण्डलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक, वनमण्डल बीजापुर सहित अध्यक्ष एवं सदस्य संचालक मण्डल, जिला यूनियन बीजापुर, उपवनमण्डलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, वनमण्डल एवं इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के अधिकारी-कर्मचारी, प्रबंधक, फड़मुंशी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शाखकर्तन से पहले आवश्यक तैयारियों पर



जोर- कार्यशाला को संबोधित करते हुए आरके जांगड़े ने विभागीय संग्रहण से पूर्व फड़ चयन, फड़ों का जीपीएस नंबर अंकन, फड़ स्थल की सफाई, स्थानीय पंच/सरपंच के मोबाइल नंबर संधारण, स्थानीय वाहन मालिकों की जानकारी, फड़ का रूट प्लान तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बोराभर्ती गैंग के प्रशिक्षण, वैज्ञानिक तरीके से शाखकर्तन तथा शाखकर्तन उपरांत कटे हुए बुटों को थोड़ी दूरी पर फेंकने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया, ताकि संभावित आगजनी से तेंदूपत्ता उत्पादन क्षेत्र को नुकसान न पहुंचे।

### संग्रहण की चुनौतियों और समाधान पर चर्चा

जिला यूनियन बीजापुर के अध्यक्ष सीताराम मांझी सहित संचालक मंडल के सदस्य शिवराम मोड़ियामी, बुधु हेमला, रामा कट्टम, अर्जुन वडदी एवं पी चन्द्रैया ने तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं संग्रहण से जुड़े अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। उपवनमण्डलाधिकारी आवापल्ली प्रकाश कुमार नेताम ने वर्ष 2025 के संग्रहण कार्य में आई कठिनाइयों और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। वहीं उपवनमण्डलाधिकारी भोपालपटनम नीतिश रावटे ने शाखकर्तन से लेकर स्थायी गोदाम में भंडारण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

### वनों की अग्नि सुरक्षा पर मार्गदर्शन

उपवनमण्डलाधिकारी बीजापुर देवेन्द्र गौड़ ने वनों को अग्नि से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों एवं रणनीतियों की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित परिक्षेत्र अधिकारियों, प्रबंधकों एवं फड़मुंशियों ने भी शाखकर्तन और अग्नि सुरक्षा से संबंधित अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में आगामी सीजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर विशेष बल दिया गया।

# 14.57 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

शुक्रवार को टाहकापाल में 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण 9.57 लाख रुपये तथा 200 मीटर नाली निर्माण कार्य 5 लाख रुपये का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कुल 14.57 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत इन विकास कार्यों का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमिपूजन के अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर आवागमन और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क के निर्माण से बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा ग्रामीणों को आने-जाने में सुगमता होगी।विधायक ने आगे कहा कि नाली निर्माण कार्य से जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो तथा तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने क्षेत्र में लंबे समय से सड़क और नाली की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से गांव की तस्वीर बदलेगी और दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ेगी। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को इससे काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और क्षेत्र के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत विकास योजनाएं ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। टाहकापाल में प्रारंभ हुए ये निर्माण कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी , मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष मिटकुराम बघेल, सरपंच पिला राम बघेल, उपसरपंच अनिता सेठिया चन्द्रकांत भण्डारी जिवनाथ मौर्य, गुलाब ठाकुर, ललुराम कश्यप, मुन्ना कश्यप शिव सुर्यवशी, रमेश मण्डावी पारो कश्यप, जयदेव पोयाम, पीलुराम, सम्पत, दयमती कश्यप, मंगली कश्यप, रमेश मण्डावी, हेमंत सेठिया, बोंगी, थबीर मण्डावी एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध

विधायक विनायक गोयल ने अंत में कहा कि वे क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगे भी सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

## भूमकाल में शहीद बंगू धाकड़ की जयंती पर मूर्ति स्थापना



**घाटलोहंगा।** भूमकाल के अमर शहीद स्व. बंगू धाकड़ की जयंती मनाने के उद्देश्य से उनके जन्मभूमि ग्राम कुदालगांव में सर्वसमाज के तत्वावधान में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से की गई, जिसमें सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने श्रद्धा और सम्मान के साथ शहीद बंगू धाकड़ को नमन किया। उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान और समाज के प्रति योगदान को याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शहीद बंगू धाकड़ का जीवन संघर्ष और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है और उनकी जयंती को भव्य रूप से मनाने हेतु यह भूमिपूजन किया गया है।

# दरभा ब्लॉक के 8 केन्द्रों में हुई 12वीं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल सीजीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा शुक्रवार से पूरे प्रदेश में शुरू हो गई। इसी सिलसिले मे दरभा ब्लॉक मे 8 केंद्र बनाई गई हैं जंहा अनुमानित 400 छात्र छात्राएं ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा दिया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल और निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।नकलमुक्त परीक्षा पर विशेष जोर इस वर्ष बोर्ड परीक्षा को नकलमुक्त बनाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वंही खंड स्तरीय उड़न्दस्ता की टीम नियुक्त की गई हैं जंहा खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बी आर सी



समलू राम कश्यप और शिक्षिका रजनी वर्मा द्वारा परीक्षा केंद्र चितापुर, दरभा, चिंगपाल और नेगानार मे निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने देखा की शांति पूर्वक परीक्षा संचालित हुई, नेगानार मे 12वीं मे कला के 19,विज्ञान20 और कामर्स के 19 छात्र छात्रायें सम्मिलित हुए।नेगानार परीक्षा केंद्र मे केन्द्राध्यक्ष प्रमोद कुमार मरावी, एवं पर्यवेक्षक राजकुमार वैभव, गोविन्द ध्रुर्व, ममता मौर्य द्वारा शांति पूर्वक परीक्षा ली गई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### परीक्षा केवल आंकलन है, अंतिम कसौटी नहीं : विधायक सावित्री



**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की वार्षिक परीक्षाएँ 20 फरवरी से प्रारंभ हो गई हैं, जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह परीक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगी। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने अपने संदेश में कहा कि जिले में संचालित समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में परीक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत किए गए सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम इस परीक्षा में अवश्य दिखाई देगा, विद्यार्थियों से अपील की कि वे पूर्ण आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और अनुशासन के साथ परीक्षा में शामिल हों, परीक्षा केवल ज्ञान का आकलन है, जीवन की अंतिम कसौटी नहीं। अपने परिश्रम पर विश्वास रखें और शांत मन से प्रश्नों का उत्तर दें। सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। पालकों से आग्रह करते हुए विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि वे अपने बच्चों को सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करें। उन पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाएँ और मानसिक रूप से सशक्त बनाएं। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि कांकेर जिले एवं भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और परिश्रम से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर जिले एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# कमार एवं पारधी समुदाय के लिए आयोजित कार्यशाला में आत्मनिर्भरता का मिला पैगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

- बांस हस्तशिल्प को जनजातीय आजीविका बनाने के लिए सशक्त पहल



जिले के सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम कोटलभट्टीह स्थित वन विभाग के विश्राम गृह में कमार एवं पारधी समुदायों के लिए आयोजित एक दिवसीय बांस आधारित हस्तशिल्प कार्यशाला ने जनजातीय आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगाई। यह कार्यशाला पारंपरिक कौशल के संरक्षण, आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और वनाधिकार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए समुदाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य कृष्ण कुमार वैष्णव ने बासोड़ कार्ड के नवीनीकरण एवं नवीन पंजीयन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश वन विभाग को दिए। कार्यक्रम के दौरान समुदायों ने अपनी व्यावहारिक समस्याएं भी खुलकर रखीं। मावलीपारा एवं मांडाभर्री के सदस्यों ने बासोड़ कार्ड नवीनीकरण में देरी और बांस की उपलब्धता की समस्या बताई, वहीं व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के लिए ग्राम सभा प्रस्ताव पारित न होने की बाधा भी सामने आई। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि जनसंख्या के आधार पर प्रावधानों के तहत पृथक ग्राम सभा गठन कर वन अधिकार प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकता है। दलदली ग्राम के कमार समुदाय ने खेती योग्य भूमि एवं घर-बाड़ी के लिए व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र न मिलने की समस्या उठाई। शामतरा ग्राम के पारधी समुदाय ने जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से शासकीय योजनाओं का लाभ न मिल पाने की बात कही, जबकि खल्लारी ग्राम के पारधी समुदाय ने भी व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, बासोड़ कार्ड पंजीयन एवं नवीनीकरण से जुड़ी कठिनाइयों को रखा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी बीएस सूर्यवंशी ने कहा कि कमार एवं पारधी समुदायों के पास बांस शिल्प की समृद्ध परंपरा है, जिसे संगठित प्रशिक्षण, संसाधन उपलब्धता और बाजार से जोड़कर स्थायी आजीविका में बदला जा सकता है। उन्होंने विभाग की ओर से आवश्यकतानुसार बांस उपलब्ध कराने, निजी भूमि में बांस पौधरोपण हेतु पौधे देने तथा संगठित उत्पादन होने पर विपणन सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को जंगलों को आग से सुरक्षित रखने, अवैध कटाई रोकने और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आजीविका और वन संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। आयोजित कार्यशाला में मावलीपारा, मांडाभर्री, शामतरा, दलदली, मुसुरपुट्टा, भीमाडीही, खल्लारी, साईं मुंडा एवं गड़िया पारा बासनवाही सहित अनेक ग्रामों से कुल 62 महिला एवं पुरुष प्रतिभागी शामिल हुए।

# 30 लीटर शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



थाना बांदे पुलिस ने अवैध रूप से हाथ भट्टी से बनी देशी महुआ शराब की बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब सहित अन्य सामग्री जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 20 फरवरी को ग्राम पीव्ही 88 रघुनाथपुर में कार्रवाई करते हुए आरोपी 37 वर्षीय असीत बसु को पकड़ा गया। उसके पास से लगभग 30 लीटर अवैध महुआ शराब, एक बड़ा जरमन का डिब्बा, एक छोटा डिब्बा तथा गुलाबी रंग की प्लास्टिक बाल्टी बरामद की गई।

जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 5 हजार 700 रुपएं आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी रामचन्द्र साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसमें सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक तथा महिला आरक्षक शामिल रहें।

## हैंडपंप नहीं, दो किलोमीटर दूर से पानी ला रहे लोग

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत खमेसरी राजनगर 2 के स्कूल पारा में पेयजल संकट से लखेश्वर बघेल विधायक को अवगत कराया। हेमंत कश्यप जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस के साथ ग्रामीणों ने तत्काल हैंडपंप खनन कराए जाने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल पारा क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को लगभग 2 किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। विधायक ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी हरी सिंह मरकाम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने पत्र लिखा। इसके पश्चात अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। मरकाम ने शीघ्र स्कूल पारा क्षेत्र में हैंडपंप खनन कराकर पेयजल समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

## सुमन्त जयंती पर कल होगा कार्यक्रम

**कांकेर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 फरवरी रविवार को सूत सारथी समाज के आराध्य देव सुमन्त सारथी का जिला स्तरीय सुमन्त जयंती एक दिवसीय समारोह का आयोजन महोदव वार्ड सारथीपारा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उक्त दिनांक को प्रातः 10 बजे स्वजातीय भाई बहनों का आगमन, प्रातः 11 बजे दी प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना, प्रातः 11.30 बजे आभर व्यक्त एवं प्रसाद वितरण तथा सभा का समापन रखा गया है। सामाजिक बन्धुओं, माता-बहनों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।








तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

